بسم اللہ الرحمٰن الرحیم

In the name of Allah the Most Gracious the Ever Merciful

Press Desk

Ahmadiyya Muslim Jama'at
INTRENATIONAL
(INDIA)

A Registered Religious and Charitable Society in India under the Societies Registration Act XXI 1860

PRESS RELEASE

Dated: May 25, 2015

अहमदिया मुस्लिम जमात के विश्वव्यापी इमाम का जर्मनी में आगमन

जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने के लिए हज़रत मिर्जा मसरूर अहमद साहब का प्रस्थान

दिनांक 23 मई 2015 को विश्वव्यापी अहमदिया मुस्लिम जमात के वर्तमान पांचवें रूहानी खलीफा हजरत मिर्जा मसरूर अहमद साहब मस्जिद बैतुल सुबूह फ्रानकफरट पहुंचे।

हुज़ूर ने लंदन से सड़क मार्ग के द्वारा फ्रांस पार करने के बाद अहमदिया मुस्लिम जमात जर्मनी के सदर श्री अब्दुलाह वेग्ज़ हाऊजर और अन्य अधिकारियों ने हुज़ूर अनवर का जर्मनी में हार्दिक स्वागत किया।

इस के पश्चात हुज़ूर अनवर शहर ''ईचन'' पहुंचे जहां पर आपने '' मस्जिद मंसूर 'का उद्घाटन किया ।

शहर 'ईचन' से हुज़ूर अनवर फ्रनकफर्ट के लिए रवाना हुए और स्थानीय समय रात 11.30 बजे मस्जिद '' बैतुसुबूह '' पहुंचे जहां पर सैकड़ों अहमदी स्त्री-पुरुष और बच्चों ने हुज़ूर अनवर का हार्दिक अभिनन्दन किया और एक बार फिर अपने रूहानी इमाम को देख कर अत्यन्त हर्षविभोर हुए।

हुज़ूर अनवर, अहमदिया मुस्लिम जमात जर्मनी के चालीसवें जलसा सालाना में सम्मिलित होंगे जो Karlsruhe में आयोजित होगा । जिसमें विश्व के विभिन्न देशों से लगभग तीस हजार से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की आशा है । इस त्रिदिवसीय (5,6,7 जून) आयोजन में हुज़ूर अनवर अहमदी और गैर अहमदी मुसलमानों एव अन्य आगंतुओं को संबोधित करेंगे और इस्लाम की सही और शांतिप्रद शिक्षाओं को प्रस्तुत करेंगे ।

END RELEASE

For further details please contact:
Incharge Press & Media, Ahmadiyya Muslim Jama'at India,
Qadian-143516, Distt.Gurdaspur, Punjab, India.
Mobile: +91-99887 57988, Email: pressamjindia@gmail.com,
Tel: +91-1872-500311, Fax: +91-1872-500178
Noorul Islam Toll Free Number: 1800-3010-2131